**<u>प्रतिदर्श प्रश्न पत्र</u>**

**<u>सत्र 2019- 20</u>**

**<u>कक्षा छठी</u>**

**<u>विषय -हिंदी</u>**

**समय :3:00 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**नोट:** 1 इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं ।

2 खंड क से घ तक चारों खंड अनिवार्य हैं ।

3 प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए ।

4 उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न-पत्र में दी गई है ।

**<u>खंड क</u>**

प्रश्न 1 गद्यांश पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)

कबीर ने समाज में रहकर समाज का बड़े समीप से निरीक्षण किया। समाज में फैले आडंबर भेदभाव व सांप्रदायिकता आदि का पुष्टि प्रमाण लेकर ऐसा दृढ़ विरोध किया कि किसी की हिम्मत नहीं हुई जो उनके तर्कों को काट सके। कबीर का व्यक्तित्व इतना ऊँचा था कि उनके सामने टिकने की हिम्मत किसी में नहीं थी। उन्होंने समाज की धार्मिक बुराइयों को निकाल कर सबके सामने रखा। ऊँचा नाम रखकर संसार को ठगने वालों के नकली चेहरों को सबके सामने रखा । उन्होंने कमजोरों को ऊपर उठाने का उपदेश देकर सबके सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया। कर्म, सेवा, अहिंसा तथा निर्गुणता का प्रसार किया। उन्होंने कर्मकांड तथा मूर्ति-पूजा का विरोध किया। अपनी शक्तियों द्वारा समाज के लिए एक विशाल ज्ञान-मार्ग खोला । उन्होंने कथनी-करनी की एकता पर बल दिया। कबीर एक महान युग दृष्टा, समाज सुधारक तथा महान कवि थे।

(क) कबीर का व्यक्तित्व कैसा था?

(ख) कबीर ने किसका प्रचार किया ?

(ग) कबीर के दो गुणों के विषय में लिखिए?

(घ) कबीर ने किसका विरोध किया ?

(ङ) नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

1) हिंसा 2) दूर

प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5)

कहती है सारी दुनिया जिसे किस्मत<br>
नाम है उसका हकीकत में मेहनत ।<br>
जो रचते हैं, खुद अपनी किस्मत, वे कहे जाते हैं साहसी।

जो करते हैं, ईश्वर से शिकायत,  वे कहे जाते हैं, आलसी ।
जो रुक गया, मिट गया उसका नामो-निशाँ
जो चलता रहा, अपनी मंजिल वो पा गया।
खुशी की हकदार है वही,  जिन्होंने दुख को सहा
छोड़ के दामन फूलों का, काँटों की राह को चुना ।
निराशा का अंधकार मिटाकर, आशा के दीप जलाओ ।
छोड़ भाग्य की दुहाई, अपनी किस्मत स्वयं बनाओ ।

(क)  हकीकत में किस्मत किसे कहते हैं?

1)  सेहत  2)  मंजिल

3)  मेहनत  4)  सहमत

(ख) जो अपनी किस्मत रचते हैं उन्हें क्या कहते हैं ?

1)  आलसी  2)  साहसी

3)  कवि  4)  मूर्ख

(ग)  सच्चा खुशी का हकदार कौन है ?

1)  सुख लेने वाला  2)  सुख सहने वाला

3)  दुख देने वाला  4)  दुख सहने वाला

(घ)  किसका अंधकार मिटाना है?

1)  हताशा का  2)  आशा का

3)  निराशा का  4)  भाषा का

(ङ)  जो ईश्वर से शिकायत करते है  उन्हें क्या कहते हैं ?

1)  आलसी  2)  मेहनती

3)  लेखक  4)  साहसी

## <u>खंड- ख</u>

प्रश्न 3 (क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए- (2)

1)  जीवन  2)  चतुर

(ख)  निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए-

1)  कविता  2)  खुशी

प्रश्न 4 (क) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए - (2)

1)  अभिनेता  2)  गुणवान

(ख) निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार अथवा अनुनासिक चिह्न लगाइए -

1) आधी 2) सुदर

प्रश्न 5 (क) निम्नलिखित शब्दों के तुकांत वाले दो शब्द लिखिए- (3)

बजाना

(ख) निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग कीजिए -

1) राष्ट 2) पव

(ग) निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए-

वाह खीर तो बहुत अच्छी बनी है

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्द के अर्थ में अंतर स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाइए- (2)

हार –-------------

--------------

प्रश्न 7 निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए - (2)

क) किए गए उपकार को मानने वाला

ख) पंद्रह दिनों में होने वाला

प्रश्न 8 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - (2)

क) कमल ख) अंधकार

प्रश्न 9 निम्नलिखित शब्दों का इस प्रकार वाक्य में प्रयोग कीजिए कि उनके अर्थ में अंतर स्पष्ट हो सके- (2)

समान सम्मान

प्रश्न 10 'हाथ साफ करना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए । (2)

प्रश्न 11 निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द रेखांकिंत कीजिए एवं भेद का नाम बताइए- (2)

क) ज्यादा काम करने से मुझे थकावट हो रही है

ख) पक्षी चहचहा रहे हैं।

प्रश्न 12 निम्नलिखित वाक्यों को उचित सर्वनाम शब्द से भरिए- (2)

क) दरवाजे के पास --------------खड़ा है।

ख) जिसकी लाठी ---------- भैंस।

प्रश्न13 निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द रेखांकित कीजिए - (2)

क) छठी कक्षा के बच्चे पढ़ रहे थे।

ख) बारिश में कपड़े गीले हो गए थे

प्रश्न 14 निम्नलिखित वाक्य में काल के भेद का नाम लिखिए। (2)

क) हम सब कल फिल्म देखने जाएँगे।

ख) नानी ने बच्चों को कहानी सुनाई थी।

**खंड- ग**

प्रश्न 15निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1=5)

सुंदरलाल अपनी बी.ए. की परीक्षा के लिए नैनीताल जा रहा था ।उसने रास्ते में कुछ लोगों को एक साथ बहुत से पेड़ काटते देखा ।यह देखकर उसका मन व्याकुल हो उठा। वह बस से उतर पड़ा और पेड़ों को काट रहे लोगों को जाकर समझाने लगा । पर उसकी हैरानी का ठिकाना न रहा जब उसने सुना कि वे लोग कंपनी के नौकर हैं और कंपनी ने जंगल काटने का ठेका ले रखा है। यही कारण था कि वे पेड़ काटना बंद नहीं कर सकते थे। यह जानकर उसे दुख भी हुआ और आश्चर्य भी। उसने कभी सोचा भी नहीं था कि इस प्रकार इतने बड़े स्तर पर पेड़ों की कटाई भी हो सकती है

(क) सुंदरलाल कहाँ जा रहा था और वह व्याकुल क्यों हो उठा था?

(ख) बस से उतरकर सुंदरलाल की क्या प्रतिक्रिया थी?

(ग) सुंदरलाल ने क्या नहीं सोचा था?

प्रश्न 16 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5)

रहिमन वे नर मर चुके, जे कहुँ माँगन जाँहि।
उनते पहले वे मुए, जिन मुख निकसत नाँहि।।
दोनों रहिमन एक से, जो लौ बोलत नाँहि।
जान परत हैं काक- पिक, रितु बसंत के माँहि।।
तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियहि न पान।
कहि रहीम पर काज हित, संपति संचहि सुजान।।
कहि रहीम संपति सगे, बनत बहुत बहु रीत।
विपत्ति कसौटी जे कसे, सोई साँचे मीत।।

(क) रहीम दास ने किसको मरे हुए के समान बताया है ?

1) जो देते हैं 2) जो माँगते हैं

3) जो हँसते हैं 4) जो सोते हैं ।

(ख) किस ऋतु के आने पर कौवा और कोयल की पहचान होती -

1) सर्दी 2) गर्मी

3) बसंत 4) शरद

(ग) इन दोहों के रचयिता कौन हैं ?

1) कबीर 2) रहीम

3) तुलसीदास 4) सूरदास

(घ) कौन व्यक्ति दूसरों के लिए धन का संचय करते हैं ?

1) दुर्जन 2) सज्जन

3) परिजन 4) आत्मीयजन

(ङ) विपत्ति कसौटी पर कसने वाले मित्र कैसे होते हैं ?

1) वाचाल मीत 2) सच्चे मीत

3) दुर्जन मीत 4) झूठे मीत

प्रश्न 17 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए - (1x8=8)

क) मेहनती व्यक्तियों का रास्ता और मंजिल कौन सी होती है?

ख) अमन के मित्रों के नाम लिखिए।

ग) जलसे में ऐड मास्टर ने क्या सुनाया?

घ) संपादक का नाम क्या था ?

ङ) राजा को किसने बचाया ?

च) गोपाल कहाँ रहता था ?

छ) नजानू क्या बनना चाहता था ?

ज) परोपकारी बनने के लिए हमें किसके जैसा बनना चाहिए ?

प्रश्न 18 निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए - (3x4=12)

क) छठे नौजवान ने किस प्रकार एक वरदान में सब कुछ मांग लिया ?

ख) सुंदरलाल की आत्मग्लानि का क्या कारण क्या था ?

ग) माट्टू पोंगल के दिन क्या होता है ?

घ) महिपाल सिंह द्वारा छापे गए साप्ताहिक समाचार पत्र में क्या-क्या छपता था ?

ङ) चंचल ने सत्यपाल को अख़बार बेचने का क्या उपाय बताया ?

## <u>खंड - घ</u>

प्रश्न 19 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए - (5)

पौष्टिक आहार

या

यदि मैं प्रधानमंत्री होता / होती

प्रश्न 20 पाँचवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा देते समय आपने किन-किन कठिनाइयों का सामना किया। (5)

या

मित्र को पत्र लिखकर बताइए कि आप छुट्टियों में क्या करना पसंद करेंगे ।

प्रश्न 21 गर्मी की छुट्टियों में आप कहाँ-कहाँ गए? अपने पाँच अनुभव डायरी के रूप में लिखिए। (5)

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र(2019-20)**
**विषय - हिंदी**
**कक्षा (छठी )**
**अंक विभाजन उत्तर संकेत**
**प्रथम सत्र परीक्षा**

| क्रम संख्या | उत्तर संकेत | मुख्य बिंदु हेतु अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| प्रश्न 1 | 1 अपठित गद्यांश | | |
| | क ) कबीर का व्यक्तित्व इतना ऊँचा था कि उनके सामने टिकने की हिम्मत किसी में नहीं थी। | 1 | |
| | ख ) कर्म, सेवा ,अहिंसा व निर्गुणता | 1 | |
| | ग ) युगदृष्टा व समाज सुधारक और महान कवि (कोईदो) | 1 | |
| | घ ) कर्मकांड और मूर्ति पूजा | 1 | |
| | ड ) 1 ) अहिंसा 2 )समीप | 1 | 5 |
| | | 1 | |
| प्रश्न 2 | अपठित काव्यांश | | |
| | (क ) मेहनत | 1 | |
| | (ख) साहसी | 1 | |
| | (ग) दुख सहने वाला | 1 | 5 |
| | (घ) निराशा | 1 | |
| | (ड ) आलसी | 1 | |
| प्रश्न3 | (क) 1 ) मरण /मृत्यु 2 ) मूर्ख | ½ +½ | |
| | (ख) 1 ) कविताएँ 2 ) खुशियाँ | ½+½ | 2 |
| प्रश्न 4 | (क) 1 ) अभिनेत्री 2 ) गुणवती | ½+½ | |
| | (ख) 1 ) आँधी 2 )सुंदर | ½+½ | 2 |
| प्रश्न 5 | (क) सजाना , खजाना | ½+½ | |
| | (ख) 1 ) पर्व 2 )राष्ट्र | ½+½ | |
| | (ग) वाह! खीरतो बहुत अच्छी बनी है। | ½+½ | 3 |
| प्रश्न 6 | हार - गले का हार,पराजय(स्वयं रचित वाक्य) | 2 | 2 |
| प्रश्न 7 | क ) कृतज्ञ | 1 | |
| | ख ) पाक्षिक | 1 | 2 |
| प्रश्न 8 | क ) जलज, पंकज, सरोज | ½+½ | |
| | ख ) अँधेरा ,तम | ½+½ | 2 |
| प्रश्न9 | स्वयं रचित वाक्य | 1+1 | 2 |
| प्रश्न10 | चोरी करना ,स्वयं रचित वाक्य | 1+1 | 2 |
| प्रश्न 11 | क ) थकावट (भाववाचक संज्ञा) | | |
| | ख ) पक्षी(जातिवाचक संज्ञा ) | 1+1 | 2 |
| प्रश्न12 | क ) कौन | 1 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ख ) उसकी | 1 | 2 |
| प्रश्न 13 | क ) छठी | 1 | |
| | ख ) गीले | 1 | 2 |
| प्रश्न 14 | क ) भविष्यत काल | 1 | |
| | ख ) भूतकाल | 1 | 2 |
| प्रश्न 15 | पठित गद्यांश | | |
| | क ) नैनीताल,पेड़ों को कटते देखा | 2 | |
| | ख ) पेड़ों को काट रहे लोगों को समझाना | 2 | 5 |
| | ग ) कि बड़े स्तर पर पेड़ों की कटाई भी हो सकती है | 1 | |
| प्रश्न 16 | पठित पद्यांश | | |
| | क) (2) जो मांगते हैं | 1 | |
| | ख) (3) बसंत | 1 | |
| | ग) (2) रहीम | 1 | |
| | घ) (2) सज्जन | 1 | |
| | ड) (2)सच्चे मीत | 1 | 5 |
| प्रश्न 17 | प्रश्नोत्तर | | |
| | क ) नेक ,सच्चाई | 1 | |
| | ख ) राघव, जफ़र ,परमीत | 1 | |
| | ग ) सत्यपाल की सच्चाई की घटना | 1 | |
| | घ ) महिपाल सिंह | 1 | |
| | ड ) छह नौजवानों ने | 1 | |
| | च ) कनाडा | 1 | |
| | छ ) बड़ा कलाकार | 1 | |
| | ज ) वृक्ष और सरोवर | 1 | 8 |
| प्रश्न-18 | विस्तृत प्रश्न उत्तर (कोई चार ) | | |
| | क ) उसने राजा को वर्ष में एक बार अपने यहाँ अतिथि बनकर आने को कहा। | 3 | |
| | ख ) कंपनी के लोगों को पेड़ काटने से न रोक पाना। | 3 | |
| | ग ) पशुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना, बैलों को सजाना, बैलगाड़ियों की दौड़ करवाना | 3 | |
| | घ ) गाँव की बातें , कहानियाँ और कविताएँ | | |
| | ड ) कि दो चार चटपटी खबरों को नमक मिर्च लगाकर बनाना तुम्हारे अपने हाथ में है | 3 | 12 |
| प्रश्न 19 | अनुच्छेद लेखन | | |
| | विषय वस्तु | 2 | |
| | अभिव्यक्ति | 2 | |
| | भाषायी शुद्धता | 1 | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रश्न 20** | **पत्र लेखन**<br>**प्रारूप संबंधी औपचारिकताएँ**<br>**विषय वस्तु**<br>**भाषायी शुद्धता** | <br>2<br>2<br>1 | <br><br><br>5 |
| **प्रश्न21** | **डायरी लेखन**<br>**विषय वस्तु**<br>**अभिव्यक्ति**<br>**भाषायी शुद्धता** | <br>2<br>2<br>1 | <br><br><br>5 |